परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था, मुंबई

कार्यपत्रक संख्या – 2

कक्षा - नौवीं विषय - हिंदी [द्वितीय भाषा]

पाठ का नाम - ल्हासा की ओर

प्र.1 पाठ के आधार पर बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए - [1∗10=10]

[1] नेपाल तिब्बत मार्ग किस काम आता था ?

[क] साधारण लोगों के लिए [ख] व्यापार के लिए

[ग] सैनिकों के लिए [घ] सैनिकों तथा व्यापार दोनों के लिए

[2] ल्हासा की ओर पाठ किस विधा में लिखा गया ?

[क] कहानी [ख] यात्रा वृतांत [ग] संस्मरण [घ] जीवनी।

[3] लेखक को ठहरने की अच्छी जगह कब मिली?

[क] जब वे भद्र वेश थे [ख] यात्री के वेश में थे

[ग] जब वे पैसे खर्च करके होटल में रहे [घ] जब वे भिखारी के वेश में थे

[4] सुमति का वास्तविक नाम क्या था?

[क] सुमति मणि [ख] सुमति प्रज्ञ [ग] सुखमणि [घ] उनमें से कोई भी नहीं।

[5] गंडा किसे कहते हैं ?

[क] प्याज को [ख] बोधगया से लाए गए धार्मिक प्रतीक को

[ग] एक डंडे को [घ] कपड़े की गांठ को

[6] भरिया किसे कहते हैं ?

[क] गधा भरने वाले को [ख] सामान उठाने वाले को

[ग] पानी भरने वाले को [घ] सड़क बनाने वाले को

[7] तिब्बत में खेती का प्रबंध करने वाले व्यक्तियों की स्थिति कैसी थी ?

[क] साधारण व्यक्ति जैसी [ख] आम किसान जैसी

[ग] राजा जैसी [घ] भिखारियों जैसी

[8] तिब्बत में किस धर्म के अनुयायी रहते हैं ?

[क] हिंदू धर्म के [ख] बौद्ध धर्म के [ग] इस्लाम धर्म के [घ] जैन धर्म के

[9] शेखर बिहार के मंदिर में बुद्ध वचनों की हस्तलिखित कितनी पौथियाँ रखी हुई थी?

[क] 103 [ख] 106 [ग] 105 [घ] 205

[10] तिब्बती समाज में औरतों की स्थिति कैसी है ?

[क] उन्हें घर के अंदर ही रहना पड़ता है [ख] वे स्वतंत्र जीवन निर्वाह करती है

[ग] वे अतिथियों का स्वागत नहीं कर सकती [घ] उन्हें पुरुषों से भी डर लगता है

प्र.3 निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए - [1*5=5]

वह नेपाल से तिब्बत जाने का मुख्य रास्ता है। फरी-कलिंगपोंग का रास्ता जब नहीं खुला था तो नेपाल ही नहीं हिंदुस्तान की भी चीजें इसी रास्ते तिब्बत जाया करती थी | यह व्यापारिक ही नहीं सैनिक रास्ता भी था इसलिए जगह जगह फौजी चौकियाँ और किले बने हुए हैं जिनमें कभी चीनी पलटन रहा करती थी | आजकल बहुत से फौजी मकान गिर चुके हैं | दुर्ग के किसी भाग में जहाँ किसानों ने अपना बसेरा बना लिया है वहाँ पर कुछ आबाद दिखाई पड़ते हैं।

[1] 'ल्हासा  की ओर' यात्रा वृतांत के लेखक हैं -

[क] रामवृक्ष बेनीपुरी        [ख] राहुल सांकृत्यायन

[ग] सोहनलाल द्विवेदी      [घ] इनमें से कोई नहीं

[2] उपर्युक्त पंक्तियों में किस मार्ग की चर्चा है ?

[क] नेपाल -भारत मार्ग  [ख]  तिब्बती मार्ग

[ग] नेपाल- तिब्बत मार्ग [घ]  तिब्बत- कलिंगपोंग मार्ग

[3] इस मार्ग का प्रयोग किस काम के लिए किया जाता था ?

[क] व्यापार के लिए                [ख] सैनिकों के जाने के लिए

[ग] जनता के आने जाने के लिए [घ]  व्यापार और सेना के लिए

[4] इस मार्ग पर चौकियाँ और किले क्यों बने हुए हैं?

[क] सैनिकों की छावनी             [ख]  सैनिकों के जाने जाने का रास्ता था

[ग] सैनिकों के प्रशिक्षण के लिए  [घ  यहाँ सैनिकों पर आक्रमण हुआ था

[5] यहाँ पर किसका कब्जा था?

[क] चीनी फौज का              [ख] भारतीय फौज का

[ग] तिब्बती फौज का            [घ] नेपाली फौज का

प्र.4  निम्नलिखित अपठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-                                    [1*5=5]

परित्यक्त चीनी किले से जब हम चलने लगे तो एक आदमी राहदारी माँगने आया | हमने वह दोनों चीटे उसे दे दीं | शायद उसी दिन हम थोंगला के पहले के आखिरी गाँव में पहुँच गए| यहाँ भी सुमति के जान पहचान के आदमी थे और भीखमंगे रहते भी ठहरने के लिए अच्छी जगह मिली | पाँच साल बाद हम इसी रास्ते लौटे थे और भीखमंगे नहीं, एक भद्र यात्री के वेश में

घोड़ों पर सवार होकर आए थे किंतु उस वक्त किसी ने हमें रहने के लिए जगह नहीं दीं और हम गाँव के एक सबसे गरीब झोपड़े में ठहरे थे | बहुत कुछ लोगों की उस वक्त की मनोवृति पर ही निर्भर है, खासकर शाम के समय छंग पीकर बहुत कम होश-हवास को दुरुस्त रखते हैं।

[1] परित्यक्त चीनी किला किसे कहा गया है?

[क] चीनी से बना हुआ किले को [ख] चीनी सैनिकों द्वारा प्रयोग किए गए किले को

[ग] चीनी लोगों द्वारा बनाए गए किले को [घ] चीनी तैयार करने वाले किले को

[2] 'राहदारी' से क्या तात्पर्य है?

[क] राह के लिए खर्च [ख] राह के लिए चौकीदारी

[ग] मजिस्ट्रेट द्वारा लिखित अनुमति पत्र [घ] मार्ग में रुकना

[3] सुमति कौन थे?

[क] व्यापारी [ख] एक सैनिक [ग] मजिस्ट्रेट [घ] एक मंगोल भिक्षु

[4] लेखक इस समय किस वेश में थे ?

[क] भद्र यात्री के वेश में [ख] एक भिखारी के वेश में

[ग] एक सन्यासी के वेश में [घ] एक साधारण यात्री की वेश में

प्र.5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- [2*10=20]

[1] सुमति गंडे कैसे बनाते थे और वह यह काम क्यों करते थे?

[2] 'ल्हासा की ओर' पाठ के आधार पर सुमति की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

[3] भारत की तरह तिब्बत में भी 'अतिथि देवो भव' की प्रथा है,पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

[4] नेपाल से होकर तिब्बत जाने वाले रास्ते में जगह-जगह फौजी चौकियाँ क्यों बनी थीं ?

[5] तिब्बत में यात्रियों के लिए क्या-क्या कठिनाइयाँ थीं ?

[6] तिब्बत की जलवायु भारत से किस प्रकार भिन्न है ?

[7] तिब्बत की धूप की क्या विशेषता है?

[8] 'मैं अब पुस्तकों के भीतर था', ऐसा लेखक ने क्यों कहा?

[9] तिब्बत में कृषि योग्य जमीन की क्या स्थिति है?

[10] लेखक ने जब तिब्बत यात्रा की थी तब वहाँ की कानून व्यवस्था और सुरक्षा की स्थिति कैसी थी। तिब्बत में तत्कालीन कानून व्यवस्था भारत से किस प्रकार भिन्न थी ? लिखिए |

प्र.6 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - [3*5=15]

[1] लेखक का भीखमंगों जैसा वेश तथा सुमति का साथ उसकी यात्रा में किस तरह सहायक हुआ?

[2] डांडे के आसपास के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

[3] भिक्षु नम्से की चारित्रिक विशेषताओं को लिखिए।

[4] लेखक ने अपने यात्रा वृतांत में तिब्बत की भौगोलिक यात्रा का जो चित्र खींचा है उसे अपने शब्दों में लिखें।

[5] 'ल्हासा की ओर' यात्रा वृतांत के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि वहाँ महिलाओं की स्थिति अच्छी है।

प्र.7 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - [5*5=25]

[1] यात्रा के दौरान लेखक को किन - किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा विस्तारपूर्वक लिखिए।

[2] प्रस्तुत यात्रा वृतांत के आधार पर बताइए कि उस समय तिब्बती समाज कैसा था?

[3]  सुमति के यजमान और अन्य परिचित लोग लगभग हर गाँव में मिले, इस आधार पर आप सुमति के व्यक्तित्व की किन विशेषताओं का चित्रण कर सकते हैं?

[4] हालांकि उस वक्त मेरा विश ऐसा नहीं था कि उन्हें कुछ भी ख्याल करना चाहिए था। उक्त कथन के अनुसार हमारे आचार व्यवहार के तरीके वेशभूषा के आधार पर तय होते हैं आपकी समझ से यह उचित है अथवा अनुचित विस्तारपूर्वक लिखिए।

[5] यात्रावृतांत के आधार पर तिब्बत की भौगोलिक स्थिति का शब्द चित्र प्रस्तुत करें वहाँ  की स्थिति आपके राज्य या शहर से किस प्रकार भिन्न है ?

*******************